**Seventeenth Loksabha**

>

Title: Regarding facilities of night landing and introduction of new flights at Jagdalpur Airport -laid.

**श्री दीपक बैज (बस्तर):** लॉकडाउन के बाद छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला अंतर्गत जगदलपुर हवाई अड्डे से चुनिंदा रूटों पर पुनः नागरिक विमानों का संचालन प्रारंभ हुआ है । यात्रियों और पर्यटकों की संख्या व सुविधाओं को देखते हुए इस एअरपोर्ट से अन्य शहरों हेतु विमानों के संचालन की आवश्यकता है ।

इन नए रूटों पर (1) कोलकता- झारसुगुड़ा-जगदलपुर- विशाखापट्टनम (2) बेग्लूरू-विशाखापट्टनम-जगदलपुर (3) भूवनेश्वर-जगदलपुर-विशाखापट्टनम-हैदराबाद (4) नागपुर-जगदलपुर-विशाखापट्टनम पर फ्लाइटें संचालित करने से यात्री और एविएशन को फायदा होगा और एअरपोर्ट प्रारंभ करने का उद्देश्य भी पूरा होगा ।

साथ ही एयरपोर्ट की सुविधाओं में इजाफा करने की आवश्यकता है । जगदलपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था नहीं है । इससे रात में कोई भी फ्लाइट या हेलीकाप्टर न तो उतर सकता हैं और ना ही उड़ सकता हैं । जगदलपुर एअरपोर्ट पर नाइट लैंडिग की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए । मेरी मांग है कि नाइट लैंडिंग और उपरोक्त नए रूटों पर फ्लाइटों का संचालन जगदलपुर एयरपोर्ट से अविलम्ब प्रारंभ किया जाए ।